आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00 बजे

होली

रंगों का त्यौहार होली आज देश सहित पूरे प्रदेश में पारंपरिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। शहर के हर कोने में इस त्योहार को लेकर उत्साह और उमंग दिखाई दे रहा है। यह त्यौहार वसंत ऋतु के आगमन और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह एकता और सद्भावना को बढ़ावा देता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने होली पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने संदेश में कहा कि यह त्यौहार खुशियां और उत्साह लेकर आता है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत और वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हर्षोल्लास और आनन्द से भरा यह त्योहार सभी के जीवन में नया उत्साह और ऊर्जा लाएगा।
राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी इस अवसर पर प्रदेशवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

होली– प्राकृतिक रंग

होली पर्व को लेकर प्रदेश भर के बाजारों में खूब रौनक देखने को मिल रही है। इस बार कैमिकल युक्त रंगों की बजाय इको फ्रेंडली और ऑर्गनिक रंगों को लोग ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इसी कड़ी में सोलन जिले के अर्की में राष्टीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए प्राकृतिक रंग लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे सोलन जिला संवाददाता.........

इधर किन्नौर जिला के सांगला गांव में 3 दिवसीय होली उत्सव का आज अन्तिम दिन है। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी आज जिला स्तरीय होली उत्सव में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे । इस उत्सव में होली सिर्फ रंगो से नहीं, बल्कि कथा संगीत व नृत्य के अनोखे संगम से मनाई जाती है ।

जगत सिंह

किन्नौर ज़िले के रकछम में हिम मूर्ति कला पर आयोजित 3 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न हो गया है। समापन अवसर पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि ये प्रशिक्षण शिविर कला, रचनात्मकता और प्रवीणता का एक उत्तम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि किन्नौर ज़िले में बर्फ से मूर्ति बनाने पर प्रशिक्षण शिविर पहली बार आयोजित किया गया है जिसके लिए प्रशासन बधाई का पात्र है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि स्थानीय लोग इस कला से जुड़कर रोज़गार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा पर्यटन की दृष्टि से भी कला काफी अहम है। किन्नौर के उपायुक्त अमित कुमार शर्मा ने हिम मूर्ति कला शिविर के दौरान हुई गतिविधियों की जानकारी दी।

प्रधानमंत्री आवास योजना

प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के अंतर्गत चम्बा जिला की सभी ग्राम पंचायतों में योजना को पूरा करने के लिए 19 हजार 81 पात्र परिवारों का सर्वेक्षण के माध्यम से चयन कर लिया गया है। इस योजना का शेष कार्य 31 मार्च तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

खेल मंत्रालय

युवा कार्य और खेल मंत्रालय ने खेलों में आयु संबंधी धोखाधड़ी के विरुद्ध राष्ट्रीय संहिता 2025 के मसौदे पर लोगों और हितधारकों से प्रतिक्रियाएं मांगी हैं। इसका उद्देश्य आयु धोखाधड़ी को कम करना और वास्तविक एथलीटों की रक्षा करना है। यह मसौदा आयु रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के दोषी पाए जाने वाले एथलीट, कोच और अधिकारियों पर कठोर दंड लागू करेगा।